The June-September southwest monsoon brings more than 70% of India's annual rainfall. The monsoon arrives over the Andaman Sea in the third week of May and advances into the mainland through Kerala, generally by June 1. It then advances in surges and reaches north Uttar Pradesh, Delhi and its neighbouring areas by the end of June, and covers the entire country by July 15. But an early or timely onset of the monsoon does not guarantee good rainfall or its distribution, or vice versa.

How has the monsoon progressed?

After onset over Kerala on June 4, the southwest monsoon progressed for four consecutive days. It advanced early into parts of the west coast, including Karnataka and Goa, but marked a delayed onset over most regions in northeast India.

The rainfall intensity over Kerala, southern Karnataka, Tamil Nadu, Lakshadweep, and the whole of northeast India picked up in early June, but did not sustain for long. Upto June 10, the southwest India region recorded a 8% rain surplus.

Maharashtra's wait for the monsoon has now gotten longer, and there are no clear indications of possible onset yet. The latest monsoonal advance was on June 8, over parts of south Konkan and adjoining areas of south Madhya Maharashtra.

Overall, the Arabian Sea branch of the monsoon appears to be making slower progress this year compared to the Bay of Bengal branch.

After June 8, the monsoon advance continued mainly along eastern India regions. On June 15, the monsoon advanced into the remaining parts of Andhra Pradesh, West Bengal, Telangana, Odisha, Jharkhand and Bihar.

Why has it slowed over Maharashtra?

FIRST, monsoonal winds from the Arabian Sea since the onset period have weakened. Instead, stronger northerly or northwesterly dry winds are dominating the region and acting as barriers for the incoming, weak monsoonal winds. Moreover, these weak monsoon wind flows lack a strong surge from the Arabian Sea. It is these monsoon pulses that drive moisture and cause widespread rainfall while also helping the monsoon advance.

SECOND, cross-equatorial wind flow over the western Indian Ocean and Arabian Sea has weakened. These winds pump in moisture, aiding the monsoon's advance.

THIRD, the monsoon requires the support of other weather systems. These can be in the form of low-pressure areas or cyclonic circulations, either present over the Arabian Sea, the Bay of Bengal or an offshore trough (low-pressure belt) parallel to the west coast. All of these are now absent.

FOURTH, the southwest monsoon also requires favourable global weather factors. One such system is the Madden-Julian Oscillation (MJO), an eastward propagating wind and cloud band originating in the Mediterranean Sea. When MJO is in the favourable phase, it causes rainfall over India. However, that is not the case now.

How will the monsoon advance now?

Since June 16, the India Meteorological Department (IMD) has not released any updates on monsoon advancement over Maharashtra. This not only indicates a delayed monsoon onset but also greater uncertainty over its likelihood.

The monsoon is most likely to advance next over Telangana, Odisha, Jharkhand, Bihar, and some parts of Chhattisgarh sometime during the next four to five days, the IMD said Thursday.

• Rain shortfall in the West

Subdivision	Rainfall	Rainfall departure
Konkan and Goa	56.8 mm	-81%
Madhya Maharashtra	15.8 mm	-80%
Marathwada	26.9 mm	-62%
Vidarbha	19.2 mm	-72%

38%
All-India rainfall deficit between June 1-17

SOURCE: INDIA METEOROLOGICAL DEPARTMENT; DURATION: JUNE 1-17

New Delhi

शिशु तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, डाक्टर समेत 13 गिरफ्तार

एक नवजात को छह से नौ लाख में बेचते थे

- अब तक 40 नवजातों को बेच चुका है यह गिरोह, पांच नवजातों को पुलिस ने बरामद किया
- ग्राहक बनकर गिरोह तक पहुंची पुलिस, गुजरात से सरगना को भी धर दबोचा

ऐसे काम करता था गिरोह

1 बच्चों की खरीद: गरीब परिवारों और आदिवासी क्षेत्रों से खरीदता था शिशु।

2 यहां छिपाता था: राजस्थान और गुजरात से नवजात खरीदकर दिल्ली के हीरा अस्पताल में छिपाता था।

3 जाली दस्तावेज: हीरा अस्पताल की संचालिका फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाती थी।

4 अस्पताल में होता था सौदा: हीरा अस्पताल में इलाज कराने के लिए आए निःसंतान जोड़ों को नवजात बेच दिया जाता था।

जागरण ब्यूरो

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : गरीब परिवारों में जन्मे एक से 20 दिन के नवजात को खरीदकर उसे निःसंतान दंपती को बेचने वाले अंतरराज्यीय शिशु तस्करी गिरोह का मध्य जिला पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह 1.5 लाख से दो लाख रुपये में नवजात को खरीदता था और छह से नौ लाख रुपये में बेच देता था। गिरोह के सदस्य दुधमुंहे बच्चों को खरीदकर बाहरी दिल्ली के बेगमपुर स्थित 'हीरा मल्टी स्पेशिएलिटी हास्पिटल' में रखते थे और वहीं फर्जी दस्तावेज तैयार कर ग्राहकों को बेच देते थे। दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश से लेकर गुजरात तक नेटवर्क फैला हुआ है। पुलिस ने अस्पताल की महिला डाक्टर (मालकिन) समेत 13 आरोपितों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर पांच नवजात बरामद किए हैं। यह गिरोह अब तक 40 नवजातों को बेच चुका है।

गिरफ्तार डाक्टर विवेकी

डीसीपी रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि पांच जून को स्पेशल स्टाफ के प्रभारी संदीप यादव की टीम ग्राहक बनकर पहाड़गंज व आरके आश्रम मेट्रो स्टेशन के पास पहुंची और तीन आरोपित ज्योति उर्फ कमलेश, शालू व ललित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से एक नवजात को बरामद कर लिया और टोकन मनी के रूप में दिए 20 हजार रुपये भी बरामद किए।

इन आरोपितों से पूछताछ के बाद पुलिस नेटवर्क की तह तक पहुंची तो पता चला कि गिरोह के सदस्य पाली, राजस्थान व गुजरात के गरीब परिवारों, आदिवासी इलाकों (खासकर राजस्थान व गुजरात) से नवजात को खरीदते थे और ड्राइवर विपिन की मदद से गाड़ियों से दिल्ली लाते थे। यहां हीरा अस्पताल में नवजातों की मेडिकल देखरेख की जाती थी और अस्पताल संचालिका डा. विवेकी अस्पताल के रिकार्ड, डिलीवरी से जुड़े फर्जी मेडिकल पेपर, और जन्म प्रमाणपत्र तैयार करती थी। दिल्ली, हरियाणा और मध्य प्रदेश में छापेमारी कर जिन पांच नवजातों को बरामद किया गया है, उनमें चार लड़के और एक लड़की है। चार नवजात गरीब आदिवासी परिवारों के हैं।

डीसीपी के अनुसार, हीरा अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले निःसंतान जोड़ों को नवजात खरीदने का आफर दिया जाता था। एक नवजात को छह लाख तो दो अन्य को नौ-नौ लाख में बेचा गया था। पुलिस ने तकनीकी सर्विलांस के बाद गिरोह के मुख्य सरगना सायबाभाई धामर उर्फ कालिया को 17 जून को गुजरात से गिरफ्तार कर लिया। उदयपुर निवासी कालिया ही नवजात को खरीदकर दिल्ली के इस नेटवर्क तक पहुंचाता था। पुलिस ने दिल्ली की फ्रीलांस लैब टेक्नीशियन प्रतिभा को भी पकड़ा है, जो इस रैकेट की सक्रिय सदस्य थी।

विस्तृत स्थिति >> संपादकीय संपादित >> पेज 7

दिल्ली सरकार में गए सी

नेतृत्व संभाला। इसके बाद 13 मई, 1952 को वे आम चुनाव जीतकर आए।

नहीं की। बालाकोट के समय पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में वहां के एक

भारत के स्वाभिमान को उठने नहीं दिया। उन्होंने सोमनाथ मंदिर के

शरीर को लाभ मिलने की पुरस्कार 2016 में जापान

प्रतिगामी है जनसंख्या प्रोत्साहन नीति

हाल में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने राज्य की नई जनसंख्या प्रबंधन नीति के अंतर्गत तीसरे बच्चे के जन्म पर 30 हजार और चौथे बच्चे के जन्म पर 40 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है। प्रदेश में दूसरे बच्चे के जन्म पर पहले से ही 25 हजार रुपये प्रोत्साहन स्वरूप दिए जाते हैं। ऐसे फैसलों के पीछे की वजह राज्य की गिरती 'कुल प्रजनन दर' और जनसांख्यिकीय असंतुलन की चुनौतियों से निपटना है, लेकिन वास्तविकता के धरातल पर देखें तो यह कदम लोकसभा में अपने राज्य का प्रतिनिधित्व घटने की आशंका और असुरक्षा की उपज है। संभव है कि जनसंख्या में संकुचन से जूझ रहे अन्य प्रदेश विशेषकर दक्षिणी राज्य भी आंध्र की यह राह पकड़ सकते हैं। ऐसा कोई प्रोत्साहन नितांत संकुचित सोच का ही परिणाम है, जिसमें राज्य के हित को राष्ट्र हित से ऊपर देखा जा रहा है। यह गिरती प्रजनन दर की सतही समझ और जनसांख्यिकीय असंतुलन के शार्टकट समाधान से अधिक कुछ नहीं है।

प्रो. रसाल सिंह

चंद्रबाबू नायडू की गिनती प्रगतिशील नेताओं में होती है, लेकिन आबादी बढ़ाने की उनकी पहल संकुचित राजनीति है



चंद्रबाबू नायडू की नीतिगत पहल से शुरू हुई बहस • फाइल

नायडू की गिनती प्रगतिशील नेताओं में होती है और अतीत में वे समेकित राष्ट्रीय जनसंख्या नीति बनाने के पैरोकार भी रहे हैं, लेकिन उनका यह निर्णय प्रतिगामी है। यह राष्ट्रीय हितों के बरक्स वोट बैंक की राजनीति और प्रभावी दबाव समूह बने रहने की चाह का प्रतिफलन है। नायडू का यह सोच उन वर्गों का हौसला ही बढ़ाएगा, जो अपनी संख्या से राजनीतिक वर्चस्व की चाह रखते हैं। अगर जनसंख्या में कमी को एक समस्या के रूप में देखा जा रहा है तो फिर उसके उचित समाधान तलाशने होंगे। इसकी एक वजह बड़ी संख्या में युवाओं का समय पर विवाह न करना है। अगर देरी से विवाह हो भी जाए तो वे एक ही संतान को पर्याप्त समझने लगे हैं। आज के प्रतिस्पर्धा से भरे जीवन और संयुक्त परिवारों के घटते चलन में बच्चों के पालन-पोषण की चुनौतियां कहीं अधिक बढ़ गई हैं। ऐसे पहलुओं ने भी प्रजनन दर को प्रभावित किया है और एक हद तक इससे जनसांख्यिकीय असंतुलन की स्थिति भी निर्मित हो रही है। चूंकि भारत में प्रतिनिधिमूलक लोकतंत्र है तो घटती जनसंख्या वाले राज्यों को अपने राजनीतिक प्रभाव को लेकर भी चिंता सता रही है। यह आशंका सिर्फ राज्यों की ही नहीं है, बल्कि तमाम धार्मिक और जातीय समुदायों में भी फैल रही है। ऐसी चिंताओं के बावजूद जनसंख्या बढ़ाने संबंधी प्रोत्साहन उचित नहीं, क्योंकि भारत में संसाधन और सुविधाएं सीमित हैं। इन सीमित संसाधनों पर पहले ही भारी जनसंख्या का दबाव है।

जनसांख्यिकीय लाभांश की बात करें तो जनसंख्या और मानव संसाधन में अंतर होता है। कमाने वाले हाथों और आश्रितों के बीच सही संतुलन आवश्यक है। वर्तमान युग तो मशीन और तकनीक का है। इस कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अत्यधिक विकसित तकनीकी उपकरणों वाले युग में तो कमाने वाले हाथों को सोचने वाले मस्तिष्क ने काफी हद तक प्रतिस्थापित कर दिया है। जनसंख्या को मानव संसाधन बनाने के लिए आधारभूत ढांचे, साधन-संसाधन और सुविधाओं की आवश्यकता होती है। पौष्टिक आहार, पेयजल, समुचित स्वास्थ्य, स्तरीय शिक्षा और कौशल विकास की व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं द्वारा ही जनसंख्या को मानव संसाधन बनाया जा सकता है। भारत जैसे विकासशील देश की तो बात ही क्या, किसी विकसित देश में भी ये संसाधन और सुविधाएं असीमित नहीं। कृषि भूमि और उसकी उत्पादन क्षमता, अन्यान्य प्राकृतिक संसाधन और यहां तक कि शुद्ध जल और वायु भी असीमित नहीं हैं। साधन-सुविधाओं के अभाव और बढ़ते अपराध के अंतर्संबंध को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। जनसंख्या वृद्धि, अशिक्षा, गरीबी, कुपोषण, पर्यावरण असंतुलन और प्राकृतिक क्षरण के दुष्चक्र से हम सब अनभिज्ञ भी नहीं हैं। तमाम सुविधाओं के अभाव और संसाधनों पर निरंतर बढ़ते दबाव ने न सिर्फ मानव-स्वभाव और चरित्र को विकृत किया है, बल्कि प्रकृति के स्वरूप को भी बदरंग और विध्वंसक बना डाला है। अत्यधिक दोहन और शोषण ने मनुष्य को प्रकृति का दुश्मन बना दिया है और यही कारण है कि नियमित अंतराल पर प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति बढ़ी है। प्रख्यात अर्थशास्त्री माल्थस ने जनसंख्या नियंत्रण और प्राकृतिक आपदाओं के अंतर्संबंध की विस्तृत विवेचना की ही है।

भारत में जनसंख्या वृद्धि के लिए प्रोत्साहन में कोई समझदारी नहीं, क्योंकि जनसंख्या की दृष्टि से हमारा देश पहले ही चीन को पछाड़ कर पहले पायदान पर पहुंच गया है। भारत का जनसंख्या घनत्व भी चीन से लगभग तीन गुना अधिक है। इसलिए यह आवश्यक ही नहीं अनिवार्य हो गया है कि समस्त देशवासी इस विकराल बन चुकी समस्या के बारे में सोचें और उसके समाधान की दिशा में सक्रिय हों। भौगोलिक क्षेत्रफल और अन्य संसाधनों-सुविधाओं और जनसंख्या में आनुपातिक संतुलन स्थापित करके ही राज्य अपने नागरिकों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं प्रदान कर सकता है, जो कल्याणकारी राज्य का प्राथमिक कर्तव्य भी है। इन सुविधाओं से ही नागरिकों की गरिमा भी बहाल हो सकेगी। मानव जीवन का महत्व और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए समेकित राष्ट्रीय जनसंख्या नीति में ही इस समस्या का समाधान निहित है।

(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कालेज में प्रोफेसर हैं)
response@jagran.com

पर्दाफाश : नवजातों की खरीद-फरोख्त करने वाला अंतरराज्यीय गिरोह दबोचा

बच्चों के सौदागर गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली पुलिस ने नवजात शिशुओं की खरीद-फरोख्त करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सरगना समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरोह के कब्जे से पांच नवजात शिशुओं को भी सुरक्षित बरामद किया है।

गिरोह पिछले दो वर्षों में करीब 30 बच्चों की बिक्री कर चुका है। गिरफ्तार आरोपियों में पांच ऐसे लोग भी शामिल हैं, जिन्होंने बच्चों को खरीदने के लिए सौदा किया था। पुलिस बच्चों के असली माता-पिता की तलाश में जुटी है।

पड़ोसी की सूचना से खुला राज : पुलिस के अनुसार, पहाड़गंज निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी थी कि पड़ोस में रहने वाली एक महिला अलग-अलग समय पर कई नवजात शिशुओं के साथ दिखाई देती है। मामला संदिग्ध लगने पर स्पेशल स्टाफ ने जांच की तो बच्चों की खरीद-फरोख्त करने वाले गिरोह के बारे में पता चला। इसके बाद एक महिला पुलिसकर्मी को ग्राहक बनाकर गिरोह के पास भेजा गया। सौदा तय होने पर आरोपियों ने पांच जून को अतरके आश्रम मेट्रो स्टेशन के पास अग्रिम भुगतान लेकर बच्चा सौंपने के लिए महिला को बुलाया। वहां पुलिस ने आरोपी ज्योति, शालू और ललित को गिरफ्तार कर एक नवजात को सुरक्षित बरामद कर लिया।

आईवीएफ सेंटर संचालिका भी गिरफ्तार : पूछताछ के बाद पुलिस ने बेगमपुर स्थित बच्चों के अस्पताल एवं आईवीएफ सेंटर की संचालिका डॉ. विवेकी, बच्चों की आपूर्ति करने वाले साथा भाई उर्फ कालिया समेत कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने ग्वालियर और पानीपत से दो-दो नवजात बच्चों को बरामद किया है।



05
दिन से तीन माह के बीच है बरामद बच्चों की उम्र

13
आरोपियों को इस मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया है

फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनाकर बदल दी जाती थी पहचान

खरीदार मिलने के बाद उन्हें अस्पताल बुलाया जाता था। यहां फर्जी प्रसव संबंधी दस्तावेज और जन्म प्रमाणपत्र तैयार किए जाते थे, जिनमें असली माता-पिता की जगह खरीदार दंपति का नाम होता था। पुलिस अस्पताल से जब्त सीसीटीवी की डीवीआर, कंप्यूटर, लैपटॉप और अन्य दस्तावेज की जांच कर रही है।

अस्पताल को बनाया था नवजातों का 'गोदाम'

पुलिस की जांच में नवजात शिशुओं की खरीद-फरोख्त करने वाले गिरोह से जुड़े कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। पुलिस के अनुसार, बेगमपुर स्थित हीरा मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल की दूसरी मंजिल पर खरीदे गए नवजात रखे जाते थे। अस्पताल की संचालिका डॉ. विवेकी गिरोह की सरगना है। बीएससी नर्सिंग के बाद डॉक्टरेट की डिग्री हासिल करने वाली विवेकी अपने पति के साथ अस्पताल चलाती थी। इसका प्रचार आईवीएफ सेंटर के रूप में किया जाता था, मगर एनआईसीयू वार्ड का इस्तेमाल खरीदे गए बच्चों को रखने के लिए किया जाता था।

आरोपी सोशल मीडिया से खोजते थे खरीदार

निसंतान दंपतियों तक पहुंचने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया जाता था। गिरोह के सदस्य ज्योति, ललित, शालू, प्रतिभा, ओमवती और विपिन संभावित ग्राहकों को लाने का काम करते थे। प्रत्येक सौदे पर उन्हें 20 हजार से 50 हजार रुपये तक कमीशन मिलता था। लड़कों की मांग अधिक होने के कारण कई बार विशेष ऑर्डर पर नवजात मंगाए जाते थे।

नकली दंपति बनाकर लाए जाते थे बच्चे

पुलिस की जांच में पता चला कि डॉ. विवेकी राजस्थान के पाली और गुजरात के साबरकांठा से साथा भाई उर्फ कालिया के जरिए नवजात बच्चों की खरीदारी करती थी। इन बच्चों को वहां से लाने के लिए अलग-अलग युवक-युवतियों को पति-पत्नी बनाकर अस्पताल की कार से भेजा जाता था। यात्रा और अन्य खर्चे अस्पताल उठाता था।

30 से ज्यादा बच्चों का सौदा

मामले की जांच से जुड़े वरिष्ठ पुलिस अफसरों का कहना है कि शुरुआती जांच में पता चला है कि गिरोह अब तक 30 बच्चों की खरीद फरोख्त कर चुका है। जांच में यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है।

गुजरात तक पहुंची जांच

पुलिस ने गिरोह से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाने के लिए जांच का दायरा राजस्थान और गुजरात तक बढ़ाया है। दोनों ही राज्यों में दिल्ली पुलिस की अलग-अलग टीमों को भेजा गया है।

पीछे नहीं छोड़ते थे सबूत

गिरोह के सदस्य बातचीत के दौरान लड़के को 'बड़ी फाइल' और लड़की को 'छोटी फाइल' कहते थे। वे टेलीग्राम की ऑटो-डिलीट चैट सुविधा का इस्तेमाल करते थे, ताकि सबूत न बचे।

सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश करने के बाद सिविल लाइंस स्थित आश्रम में रखा गया है।

पुलिस की जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी साथा भाई राजस्थान और गुजरात के पिछड़े इलाकों से नवजात बच्चों को खरीद कर लाता था और गिरोह के जरिए बेचता था। बरामद बच्चों की उम्र पांच दिन से तीन माह के बीच है। गिरोह के सदस्य नवजात बच्चों को उनके परिवारों से आठ से दस हजार रुपये में खरीदते थे। इसके बाद लड़कियों को पांच से छह लाख और लड़कों को आठ से दस लाख रुपये तक में बेच दिया जाता था। गिरोह एक संगठित नेटवर्क के रूप में कार्य कर रहा था।

> लाखों में बेचते थे PG6

रोक... P19

28 जुलाई को होगी।

कुछ अलग | सोलह साल में 1.88 डिग्री तक बढ़ा है गंगा के पानी का औसत तापमान, कृषि के साथ पेयजल और मत्स्य पालन पर असर पड़ेगा

गर्म हो रहा गंगाजल, हालात और बिगड़े तो नदी में लू चलेगी

■ तौलेन्द्र सेमवाल

देहरादून। गंगा में बढ़ती गर्मी व घटती ऑक्सीजन चिंता का विषय बन गई है। इससे गंगा के पारिस्थितिकी तंत्र, जलीय जीवन और इस पर निर्भर करोड़ों लोगों की आजीविका पर खतरा बढ़ रहा है। जलवायु परिवर्तन, कम बारिश, घटता जल प्रवाह, नदी किनारे हरियाली की कमी, ग्लेशियरों में सिकुड़न इसके प्रमुख कारण हैं।

आईआईटी हैदराबाद के हाइड्रोक्लाइमेटिक रिसर्च ग्रुप और कुछ अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के शोध के अनुसार, गंगा के मध्य प्रवाह क्षेत्र में 2009 से 2025 के बीच पानी का औसत तापमान करीब 1.88 डिग्री सेल्सियस बढ़ा है। इससे पहले इस क्षेत्र में पारा बढ़ने की वार्षिक औसत दर 0.9 डिग्री सेल्सियस थी। आईआईटी हैदराबाद की वैज्ञानिक डॉ. रेहाना शैक ने जानकारी देते हुए बताया कि तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने पर पानी में ऑक्सीजन घुलने का स्तर 2.3 प्रतिशत तक घट सकता है। यह ऑक्सीजन मछलियों, जलीय कीटों और बाकी जीवों के लिए जीवनदायी होती है।

01 डिग्री तापमान बढ़ने पर पानी में ऑक्सीजन घुलने का स्तर 2.3 % घट जाता है

04 दशकों में दुनिया की 78.8 प्रतिशत नदियों में ऑक्सीजन स्तर घटा

क्या है नदी की 'लू'?

जब नदी का पानी लगातार कई दिनों तक सामान्य से अधिक गर्म रहता है तो इसे 'रिवराइन हीटवेव' या नदी में पड़ने वाली 'लू' कहा जाता है। वैज्ञानिक अध्ययन में चेतावनी दी गई कि यदि ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन मौजूदा गति से जारी रहा तो 2090 तक गंगा के आधे से अधिक हिस्से में 'लू' की घटनाएं काफी बढ़ सकती हैं।

आजीविका पर असर

वैज्ञानिकों का कहना है कि गंगा के पानी का तापमान बढ़ने से जैव विविधता, कृषि, पेयजल उपलब्धता और मत्स्य पालन पर असर पड़ेगा। पत्रिका साइंस एडवांसेज में प्रकाशित इस शोध के मुताबिक, बीते चार दशकों में दुनिया की 78.8% नदियों में ऑक्सीजन स्तर घटा है।

क्या हैं समाधान?

इस संकट से निपटने को नदी किनारे हरित पट्टी का विकास, प्राकृतिक जल प्रवाह बनाए रखना, प्रदूषण कम करना जरूरी है। वैज्ञानिकों के अनुसार, गंगा को प्रदूषण से ही नहीं, बल्कि बढ़ती गर्मी से भी बचाने की जरूरत है।

एक सप्ताह में डेंगू के 10 नए मामले

नई दिल्ली, व.सं.। राजधानी में डेंगू के मामलों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। एमसीडी की 13 जून तक की साप्ताहिक मच्छरजनित रोग रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक सप्ताह में डेंगू के 10, मलेरिया के तीन और चिकनगुनिया के दो नए मामले सामने आए हैं।

जून में अब तक डेंगू के 20, मलेरिया के पांच और चिकनगुनिया के दो मामले दर्ज किए जा चुके हैं। वहीं, वर्ष 2026 में अब तक दिल्ली में डेंगू के कुल 162, मलेरिया के 42 और चिकनगुनिया के नौ मामले सामने आए हैं। एमसीडी ने लोगों से मच्छरों के प्रजनन को रोकने और साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की है।

मच्छर प्रजनन मिलने पर नोटिस

नई दिल्ली, व.सं.। दिल्ली में मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए एमसीडी ने सभी जोन में घरेलू प्रजनन जांचकर्ता (डीबीसी) और मल्टी टास्क स्टाफ (एमटीएस) की टीमें तैनात की हैं।

निगम के अनुसार, पिछले एक सप्ताह में 8.32 लाख से अधिक घरों का निरीक्षण किया गया, जिनमें 4028 स्थानों पर मच्छरों का प्रजनन मिला। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ 3532 कानूनी नोटिस जारी किए गए। इसके अलावा 10,909 घरों में मच्छर रोधी दवा का छिड़काव किया गया।

योग से दीर्घायु का बनाएं संयोग

हर कोई ज्यादा और अच्छा जीना चाहता है। सेहतमंद जिंदगी की राह में एक मजबूत सहारा योग का है। योग महज कुछ आसनों का अभ्यास नहीं है, बल्कि एक मुकम्मल जीवनशैली है। यह बढ़ती उम्र के बावजूद तन को स्वस्थ और दिमाग को युवा बनाए रखने का विज्ञान है। दुनियाभर में औसत आयु बढ़ी है, तो खुद को स्वस्थ रखने की चुनौतियां भी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले आइए समझें योग के साथ सेहतमंद जिंदगी का राज ...

योग करने में हड़बड़ी न करें। एक आसन से दूसरे पर सहजता से जाने का अभ्यास है। धीरे-धीरे अपने पूरा आकर्षी पेशी से शुरुआत करें। योग का उद्देश्य अपने शरीर को लचीला बनाना है।

डॉ. अमरीश कुमार
निदेशक, मेडिसिन विभाग, पारस हेल्थ, पटना

उम्र का बढ़ना और बढ़ती उम्र के साथ लंबा और स्वस्थ जीवन स्वाभाविक है। आयुर्वेद में इसे 'पूर्णायु' (पूर्ण+आयु) की अवधारणा कहा गया है। इसे दो प्रकार से मापा जाता है- कालायु यानी (समय के साथ बढ़ती उम्र को गणित) और आयुवर्धक यानी (स्वास्थ्य, अनुभूति आदि-विद्या और निर्मित जीवनशैली के कारण समय से पहले उम्र प्रभाव)।

इस बढ़ती है, लेकिन समय से पहले आने वाली बुढ़ापे को व्यवस्थित जीवनशैली अपनाकर निर्बाध किया जा सकता है, जिससे बीमारी के लिए जीवनभर काम करने वाली प्रवृत्ति है। दुनियाभर में औसत जीवनकाल बढ़ा है। वैश्विक स्तर पर अब समय एक व्यक्ति और व्यक्ति अपने जीवनकाल के दौरान कुछ और वर्षों तक स्वस्थ और सक्रिय बने रहने की उम्मीद कर सकता है।

मांसपेशियों की मजबूती जरूरी

बढ़ती आयु में सबसे पहले कमजोर पड़ती मांसपेशी है। इससे शरीर की संतुलित करने की क्षमता कम होती है और उनको गिरने का डर भी ज्यादा रहता है। कूल्हा टूटने और अन्य चोटों में मृत्यु का खतरा भी बढ़ जाता है। नियमित पेशीबल के अभ्यास से शरीर में लचीलापन बना रहता है, मांसपेशियां मजबूत बनती हैं और चोटों का खतरा कम हो जाता है। अस्पताल में भर्ती होने का समय भी घट जाता है। नियमित व्यायाम से हड्डियों का घनत्व बढ़ता है, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा कम होता है। इससे हृदय और फेफड़ों की कार्यक्षमता भी बढ़ती है।

मानसिक सेहत बढ़ाए प्राणायाम

दुनिया में लाखों लोग की उन्हें करने हजारों-दिन की प्रवृत्ति की अधिकता है। प्राणायाम का नियमित अभ्यास, विशेषज्ञों का कहना है। और विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में अभ्यास करने से मानसिक सेहत में सकारात्मक बदलाव देखा गया है।

सही विधि से करें ध्यान का ध्यान

न्यूरोसाइंस अध्ययनों से यह संकेत मिलता है कि ध्यान के नाम से अभिनव के दो महत्वपूर्ण हिस्से हैं, जो दबाव, भावनात्मक संतुलन और संज्ञात्मक नियंत्रण से जुड़े हैं। ऐसा लगातार ध्यानाभ्यास करने और बनाई गई दिनचर्या बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध हो सकता है।

ऐसे लोग जो अभ्यास करने के लिए व्यवस्था या सुविधाएं में हैं। तीन की तुलनी को जीवन रखें। उदाहरण के लिए दो सप्ताह, एक महीना, छियासठ दो। व्यक्तिगत रूप से उनके लक्ष्य के लिए अभ्यास करें। व्यक्तिगत रूप से उनके लक्ष्य के लिए अभ्यास करें। अभ्यास शुरू और अंतरराष्ट्रीय होनी चाहिए। एकमात्र ध्यानाभ्यास कौन व्यक्ति के का सकते हैं तथा, जैसे लोगों के उपचार में सकल लाभ दायक। पूरक, जिसमें 'यू' एवं 'ओ' जो अनेक पूरक ध्यान लगाना)। वैसे, कभी पूरक में 'जो' का उच्चारण लोग लाभ कर करें।

शारीरिक लक्षण के लिए शरीर और सीमा। उदाहरण व्यायाम शारीर, जहां अंतर्व्यायाम शारीर के लिए, शुरुआत नहीं। अभ्यास। व कम लिये व्यायाम से मन नियंत्रण न शरीर से। जाता है। अपनी आवश्यकता के शरीर में रखने हुए जाए करें।

रोज करें योग, रहें निरोग

1. **कब और अभ्यास :** इस के साथ एक्सरसाइज होने लगता है। सहजन, एक, हरदयाल, सहजनन, योगाचार्य-सहजन, मोहितम और अभिनवोदयन मैसे अभ्यास अपर होन का लाभ उठाने दो। । इसके साथ जिसे सहज और अन्य साथ नियमित योग है। योगाभ्यास करने के साथ-साथ 2 महीने तक व्यायाम करें। अभ्यास शुरू और अंतरराष्ट्रीय होनी चाहिए। एकमात्र ध्यानाभ्यास कौन व्यक्ति के का सकते हैं तथा, जैसे लोगों के उपचार में सकल लाभ दायक। पूरक, जिसमें 'यू' एवं 'ओ' जो अनेक पूरक ध्यान लगाना)। वैसे, कभी पूरक में 'जो' का उच्चारण लोग लाभ कर करें।

2. **गैप की समझ :** योग की दोनों का पूरा ध्यान हमारे ध्यान रखिए, मांसपेशी और जीवन की गुणवत्ता पर दबाव है। कठोरता, कठोरता, कठोरता, पूरा व्यायाम और व्यायाम जैसे अभ्यास विशेषज्ञ योग विज्ञान की अधिकता तक कुछ है और पैर, पिछलीपेशीय योग विज्ञान की अधिकता चाहते हैं, जिसके बाद से पूरे मांसपेशीय और शारीरिक लचीलेपन को ही अधिक है। पूरी तरह विकसित करने वाले विज्ञान और पीठ लाने में सहायक कोरटिसोल हार्मोन घटाते हैं।

3. **संयोजित :** इस अभ्यास में मांसपेशी दोनों अलावा नहीं लगता, पीठ की दोनों, स्वस्थता से परिवर्तन, आदि से कोशी पुनिकाएं होती हैं। योग अभ्यास और व्यायाम दोनों लाभ से लाभ करने और पैर दोनों मुद्राओं में पूरा। इसे अच्छे व्यायाम, मांसपेशियां रखने में मदद मिल सकती है। मजबूत, व्यायाम, शारीरिक। अंतर्मांसपेशी जैसे अभ्यास उत्कृष्ट समय उठते हैं। इससे हार्मोन मजूबत में सहायक मिलते हैं।

4. **मानसिक और उच्च रक्तचाप :** बढ़ती उम्र में पीठ और अन्य जीवनशैली में हुए बदलावों को नियंत्रित किया जा सकता है। मधुमेह के संकट के लिए ध्यानाभ्यास, और व्यायाम, आर्थराइटिस, व्यायाम जैसे अभ्यास करें। इससे तनाव में ध्यानाभ्यास और व्यायाम के लिए लाभदायक होते हैं।

5. **हृदय और रक्तचाप :** हृदय की समस्या अक्सर धीरे-धीरे विकसित होती है। इसके लक्षण, मुख्यतः, सिद्धांतों, व्यायाम और व्यायाम के लिए लाभदायक है। धीरे और प्राणायाम, विशेष, जीवनशैली अभ्यास भी उपयोगी है। योग में कि अभ्यास के कारण पीठ विशिष्ट से सहायक करें।

विज्ञान और योग का मेल

वेन्क्यूवर रिसर्च यूनिवर्सिटी और यो मैटर का सर्वेक्षण

इसाई मेडिकल स्कूल के एक हालिया न्यूरोइमेजिंग शोध में पाया गया कि 40 वर्ष से अधिक के लोग, जिन्होंने 20 वर्षों से अधिक समय तक योग किया था, उनके मस्तिष्क में 'ये मैटर' अधिक घना था। आमतौर पर उम्र बढ़ने के साथ मस्तिष्क सिकुड़ता है, जिसके अल्जाइमर और डिमेंशिया हो सकता है। शोधकर्ता मे से पीटर अटालिया, जिनका योग न व्यायामों को बचपन करार दे दी 'लेन एप्लिसिटी' तो साथ के साथ जिसका नई दौर मौजूद है।

तनाव और सृजन में कमी

तनाव के स्तर तनाव में सृजन का नहीं है, इसके दिन, मानसिक व मौजूद का प्रभाव बढ़ता है। एक रोग के अनुसार, योग व अभ्यास ऊपरी मौजूद रहने वाले अवसाद और तनाव को कम करने में मदद मिल सकती है।

अच्छा संतुलन व चोट में कमी

वर्ष 2025 में खासा में हुये एक अध्ययन में विशेषज्ञ योगाभ्यास करने वाले बुजुर्गों में गिरने की घटनाओं में लगभग 34% तक कमी देखी गई। खेमर कनुजन के साथ-साथ उनमें में लचीला आत्मविश्वास बढ़ा गया।

अल्जाइमर की स्थिति में सुधार

एम्स, दिल्ली के 2025 के एक अध्ययन में पाया 66 वर्ष की औसत आयु वाले अल्जाइमर रोगियों को 12 सप्ताह योग कराया गया। इनमें उनकी स्मरणशक्ति काफी में सुधार देखा गया।

आयुर्वेदिक जीवनशैली में संपूर्ण सेहत का राज

आयुर्वेद में दीर्घायु के लिए केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवनशैली की बात की है, जिसमें दिनचर्या, ऋतुचर्या और मानसिक स्वास्थ्य शामिल हैं। आयुर्वेद में वर्णित व्यायाम के लाभ हैं- शरीर में हल्कापन, अच्छी पाचन शक्ति, मांसपेशियों का मजबूत होना और मन का प्रसन्न रहना। इसके अलावा दिनचर्या में सुबह जल्दी उठना, शौच, दातुन, व्यायाम, ध्यान और समय पर भोजन करना शामिल है।

ऋतुचर्या के अनुसार मौसम के अनुसार खान-पान और जीवनशैली में बदलाव करने की सलाह दी गई है। आयुर्वेद में मानसिक स्वास्थ्य को भी उतना ही महत्व दिया गया है जितना शारीरिक स्वास्थ्य को। सत्य, करुणा, क्षमा और संतोष जैसे गुणों को अपनाने पर जोर दिया गया है। ये सभी मिलकर व्यक्ति को भीतर से मजबूत बनाते हैं और उसे लंबे समय तक स्वस्थ रखते हैं।

विटिलिगो को बढ़ने से रोकना मुमकिन

विटिलिगो के बारे में लोगों में सही जानकारी का भारी अभाव है। इस वजह से अब भी इसके पीड़ितों के साथ गलत व्यवहार किया जाता है।

विटिलिगो त्वचा से जुड़ी समस्या है। कुछ लोगों में त्वचा के कुछ हिस्से अचानक सफेद होने लगते हैं। धीरे-धीरे यह सफेद धब्बा पूरे शरीर में फैल जाता है। इसे ल्यूकोडर्मा भी कहते हैं। इसमें त्वचा का रंग बनाने वाली कोशिकाएं (मेलानोसाइट्स) नष्ट हो जाती हैं। इसका कोई निश्चित कारण नहीं है, लेकिन यह ऑटोइम्यून बीमारी मानी जाती है। इसमें शरीर की रोग प्रतिरोधक प्रणाली गलती से अपनी ही कोशिकाओं पर हमला कर देती है।

मिथक 1 : विटिलिगो छूने से फैलता है।

सच : इसे लेकर लोगों में सबसे ज्यादा भ्रांतियां हैं। कई लोग मानते हैं कि विटिलिगो से पीड़ित व्यक्ति को छूने से यह बीमारी दूसरे को लग जाती है। लेकिन यह पूरी तरह गलत है। विटिलिगो कोई संक्रामक रोग नहीं है। इसका किसी व्यक्ति को छूने या उसके साथ खाने-पीने से कोई संबंध नहीं है।

मिथक 2 : विटिलिगो सूर्य से नुकसान करता है।

सच : इसका बिल्कुल भी नहीं है। यह पूरी तरह से त्वचा के रंग को नियंत्रित करने वाली कोशिकाओं से जुड़ी समस्या है। सूर्य की रोशनी से इसके होने या बढ़ने का कोई संबंध नहीं है।

मिथक 3 : यह कुछ खास चीजें खाने से होता है।

सच : इस तरह की बातों का भी कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। कुछ लोग मानते हैं कि दूध और दूध से बनी चीजें खाने से विटिलिगो हो जाता है। यह पूरी तरह से गलत है। विटिलिगो का खाने-पीने की आदतों से कोई संबंध नहीं है।

मिथक 4 : विटिलिगो असाध्य बीमारी है।

सच : हालांकि, कुछ मामलों में ऐसा देखा जा सकता है, लेकिन इसका असाध्य बीमारी होना सही नहीं है। असाध्य-सेवा में ऐसे कई उपचार हैं, जो इसके लक्षणों को कम कर सकते हैं। इसका असाध्य होना जरूरी नहीं है।

क्या ध्यान रखें

- दवाई समय पर लें। अपने आप बिना डॉक्टर की सलाह के दवाई बंद न करें।
- विटिलिगो से पीड़ित लोगों को त्वचा पर सूर्य किरणों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। इसे सूर्य से बचाना चाहिए। इसके लिए सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें।

मिथक 5 : विटिलिगो संक्रामक है।

सच : यह कुछ लोग भी इसका शिकार हो सकते हैं, लेकिन इसका संक्रमण से कोई संबंध नहीं है। यह किसी व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को नहीं फैलता है।

बिना सलाह एंटासिड दवाएं भी न लें

डॉ. अमरीश कुमार
सीनियर कंसल्टेंट, गैस्ट्रोलॉजिस्ट, हेपेटोलॉजिस्ट, पटना

■ सवाल: मेरी उम्र 40 वर्ष है। काम के सिलसिले में मुझे अक्सर एसिडिटी, अपच और सिरदर्द की समस्या होती है। मैं हर दूसरे दिन कोई न कोई एंटासिड खा लेता हूं। क्या ऐसा करना सही है?

जवाब: सबसे पहले तो यह समझ लें कि एसिडिटी, अपच और सिरदर्द के कई कारण हो सकते हैं। ज्यादातर, समय पर खाना न खाना, बाहर खाना ज्यादा, मसालेदार, तेल में डूबा खाना खाना या कम पानी पीना। ये सभी कारण मिलकर पेट में गैस और एसिड बढ़ा सकते हैं।

बिना डॉक्टर की सलाह के एंटासिड लेना, खासकर हर दूसरे दिन, कई बार ठीक नहीं होता। एंटासिड का यह लंबे समय तक इस्तेमाल पेट के अंदर की सुरक्षा परत को कमजोर कर सकता है। इससे पाचन संबंधी दिक्कतें और बढ़ सकती हैं। इसलिए अगर आपको बार-बार ऐसी समस्या हो रही है, तो डॉक्टर से जांच कराना और सही इलाज लेना बहुत जरूरी है।

■ सवाल: मुझे दोस्तों के साथ देर रात पार्टी करने की आदत है। मैं जानता हूं कि ज्यादा शराब पीना सेहत के लिए अच्छा नहीं है, लेकिन कभी-कभी पीने में क्या नुकसान है? क्या कोई ऐसा तरीका है जिससे मैं शराब के बुरे असर से बच सकूं?

जवाब: यह सच है कि कभी-कभी पीने से तुरंत कोई बड़ी बीमारी नहीं होती, लेकिन शराब का हर घूंट लिवर पर असर डालता है। शराब पीने से लिवर में सूजन आ सकती है, जो आगे चलकर फैटी लिवर, हेपेटाइटिस और लिवर सिरोसिस जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है। शराब पीने से शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जिससे सिरदर्द, थकान और कमजोरी महसूस होती है। इसके अलावा, शराब पीने से नींद का पैटर्न भी बिगड़ जाता है, जिससे अगले दिन आप और ज्यादा सुस्त महसूस करते हैं।

अगर आपको पीनी ही है, तो कोशिश करें कि आप बहुत ज्यादा न पीएं। पीने से पहले कुछ खा लें, ताकि शराब का असर धीरे-धीरे हो। पीने के बीच में पानी जरूर पिएं। इससे शरीर में पानी की कमी नहीं होगी और सिरदर्द भी कम होगा। पीने के बाद कम से कम 8 घंटे की नींद लें, ताकि आपका शरीर आराम कर सके।

■ सवाल: मेरी उम्र 60 वर्ष है। दो बेटे, बहू और आपस में बेटा-बेटी की शादी हो चुकी है। मैं एक साल इकलौते पोते को संभाल रहा हूं। मैं पूरा दिन इसकी पढ़ाई के साथ इसे खेल-कूद में व्यस्त रखता हूं। मेरी समस्या यह है कि मेरा पोता मेरी बात नहीं सुनता। वह मेरी हर बात का विरोध करता है। मैं उसे कुछ अच्छा सिखाना चाहता हूं, पर वह मेरी बात सुनने को तैयार ही नहीं है। मैं क्या करूं?

जवाब: आपकी समस्या को समझा जा सकता है। आप एक अच्छे दादा की भूमिका निभा रहे हैं। आपका पोता अभी बच्चा है। उसे खेलना-कूदना पसंद है। वह अपनी दुनिया में मस्त है। आपको उसे समझना होगा कि वह क्या चाहता है। उसकी रुचि को समझें। उसके साथ बैठकर उसकी पसंद की बातें करें। उसे अपना दोस्त बनाएं। उसे डांटने या समझाने के बजाय उसे प्यार से समझाएं। उसे अपनी बात कहने का मौका दें। उसकी बात ध्यान से सुनें। उसे अपनी बात कहने दें। उसे अपनी बात कहने दें। उसे अपनी बात कहने दें।

मेरी उलझन सवाल

अब सिर्फ़ 'हमारे दो' से नहीं चलेगा काम

हाल में आई सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (SRS), 2024 रिपोर्ट से पता चला है कि भारत की कुल प्रजनन दर (TFR) 1.9 रह गई है। स्थिर आबादी के लिए यह करीब 2.2 होनी चाहिए। यानी हम तेजी से बुजुर्ग आबादी की ओर बढ़ रहे है, जहां रिटायर्ड लोगों के मुकाबले कामकाजी वयस्कों की संख्या घटती जा रही है। देश की 40% आबादी ऐसे राज्यों में बसर कर रही है, जहां TFR 1.5 या उससे भी कम है।

जाह्नवी नीलेकणि

नई नीतियों की दरकार

सरकारी अस्पतालों के लेबर वॉर्ड में भीड़ नहीं दिखती। कभी देश में हर साल 2.9 करोड़ बच्चों का जन्म होता था, जो अब घटकर 2.3 करोड़ रह गया है। बच्चों की संख्या साल 2010 के बाद से लगातार कम हो रही है। यह बदलाव चुनौती जरूर है, लेकिन इससे निपटा जा सकता है। महिलाओं की रोजगार में हिस्सेदारी बढ़ाकर, रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाकर, मशीन और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) का सही इस्तेमाल और देश के भीतर पलायन बढ़ाकर इसका असर कम किया जा सकता है।

लंबे समय तक काम करना, मशीन और AI का इस्तेमाल बढ़ाना, पेंशन कम करना और अंतरराज्यीय पलायन बढ़ाने जैसे मुद्दे विवादित है। इमरजेंसी के 50 साल और सालाना सबसे ज्यादा बच्चे पैदा होने का दौर खत्म हुए 25 साल बीत चुके है, लेकिन देश की जनसंख्या नीति का अब भी जन्म दर घटाने पर जोर है। नतीजतन, 15 से 49 साल की 37% महिलाओं का बंध्याकरण हो चुका है। यानी भविष्य में वे कभी मां नहीं बन सकती है।

भारत में घटती जन्म दर को देखते हुए अब ऐसी नीतियां बननी चाहिए, जो बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करें। सिक्किम और आंध्र प्रदेश जैसे कुछ राज्यों ने प्रयास जरूर शुरू किए है, लेकिन अभी बहुत कुछ करना होगा। TFR को 1.5 से ज्यादा बरकरार रखने के लिए ऐसे कई परिवारों की जरूरत है, जिनमें तीन या उससे अधिक बच्चे



AI Image

हो। आज सबसे बड़ी चुनौती बदलती जीवनशैली है। लोगों को लगता है कि वे तीन बच्चों की परवरिश नहीं कर पाएंगे। करियर, यात्रा और अन्य प्राथमिकताओं के कारण भी लोग छोटे परिवार को तरजीह दे रहे है।

हम दो, हमारे तीन

असल में कुछ लोग बच्चे नहीं चाहते और जिन्हें चाहिए वे एक से खुश है। आबादी में गिरावट की रफ्तार कम करने के लिए तीन बच्चों वाले परिवार को सामान्य विकल्प बनाना होगा। इसके लिए सरकार को भी टैक्स छूट, सब्सिडी और अन्य मदद वाली नीतियां बनानी होंगी। आज कई सुविधाएं सिर्फ पहले दो बच्चों के लिए है। 26 हफ्ते की मैटरनिटी लीव भी पहले दो बच्चों के लिए ही है। तीसरा बच्चा होने पर मां को सिर्फ 12 हफ्ते की छुट्टी मिलती है। शिक्षा के लिए आयकर छूट भी सिर्फ पहले दो बच्चों के लिए ही मिलती है।

मौजूदा प्रजनन दर के लिहाज से 1.5 TFR वाले कर्नाटक में दो पीढ़ियों बाद हर 100 वयस्कों में सिर्फ 49 और 1.3 TFR वाले तमिलनाडु और केरल में सिर्फ 37 वयस्क रहेंगे। ज्यादा कामकाजी युवा ही भविष्य में अर्थव्यवस्था संभालेंगे, बुजुर्गों की देखभाल करेंगे और समाज का संतुलन बरकरार रखेंगे। पहले पारिवारिक तस्वीरों में दादा-दादी के पास बच्चे खड़े होते थे। आज तस्वीर बदल गई है। ऐसे में घटती आबादी की रफ्तार कम करने के लिए कुछ परिवारों को हम दो, हमारे तीन के सिद्धांत को अपनाना होगा।

(लेखिका आस्विका फाउंडेशन और आस्विका मिडवाइफरी सेंटर की संस्थापक व चेयरपर्सन है)

ED ने खोली 'किडनी फाइल्स', अस्पतालों समेत 10 जगह रेड

ट्रांसप्लांट मरीजों से 25 लाख वसूलते थे, डोनर्स को देते थे बस 5 लाख

Vishal.Sharma3
@timesofindia.com

AI image

■ **नई दिल्ली:** केरल के निजी अस्पतालों में गुरुवार सुबह सनसनी फैल गई, जब ED की टीमें एक साथ कई शहरों में पहुंचीं। कोच्चि और आसपास के इलाकों में 10 स्थानों पर छापेमारी की। ईडी की कार्रवाई कथित मानव अंग तस्करी और उससे जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क की जांच के सिलसिले में है। पूरे नेटवर्क का केंद्र है कासरगोड निवासी मुहम्मद नजीब कल्लात्रा, जिसे पिछले महीने गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया था।

फर्जी दस्तावेज दिखाकर होता था ट्रांसप्लांट

सूत्रों के मुताबिक नजीब ऐसे नेटवर्क का मास्टरमाइंड है, जिसने जरूरतमंद लोगों को पैसे का लालच देकर अंग दान के लिए तैयार किया। एक किडनी ट्रांसप्लांट के लिए मरीजों से 20 से 25 लाख वसूले जाते थे, लेकिन किडनी देने वाले गरीब लोगों के हाथ सिर्फ 5 से 10 लाख ही लगते थे। बाकी रकम दलालों जेब में जाती थी। एजेंसी यह पता लगाने में जुटी है कि क्या अस्पतालों के कुछ कर्मचारी या अन्य लोग इस खेल में शामिल थे। ईडी टीम की नजर अस्पतालों के डोनर रजिस्टर, ट्रांसप्लांट रिकॉर्ड और फंड ट्रांजेक्शन पर है। अंदेशा यह भी है कि जरूरी कानूनी प्रक्रियाओं को कागजों पर सही दिखाने के लिए किसी ने भीतर से मदद की थी। पिछले वर्षों में 20 संदिग्ध किडनी ट्रांसप्लांट इस नेटवर्क के जरिए हुए। हालांकि अस्पतालों का दावा है, कि सभी ट्रांसप्लांट नियमों के तहत किए।

'डॉक्टरों के नकली लेटरहेड बनाते थे'

ईडी को शक है कि डॉक्टरों की मुहरें, मेडिकल सर्टिफिकेट और अस्पतालों के लेटरहेड तक नकली बनाए गए। सांसदों और विधायकों के नाम वाले खाली लेटरहेड का दुरुपयोग कर डोनर और रिसीवर के बीच रिश्तेदारी या ब्लड रिलेशन दिखाने की कोशिश की गई। डिजिटल भुगतान, एन्क्रिप्टेड चैट्स का यूज हुआ है। रैकेट का मुख्य आरोपी कासरगोड निवासी मुहम्मद नजीब है। नजीब 'कल्लात्रास मेडिकल टूरिज्म प्राइवेट लिमिटेड' नाम से कंपनी चलाता था। आरोप है कि उसकी आड़ में अंगों के अवैध लेनदेन को अंजाम दिया जाता था। रैकेट के दलाल अस्पतालों, अंग डोनर्स और मरीजों के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाते थे।

NEET UG री-एग्जाम

एनएमआर में पंजीकरण की रफ्तार सुस्त 30 हजार डॉक्टरों को मंजूरी का इंतजार

नई दिल्ली। देश में मरीजों को प्रमाणित डॉक्टरों की जानकारी उपलब्ध कराने और फर्जी चिकित्सा प्रैक्टिस पर रोक लगाने के उद्देश्य से शुरू की गई राष्ट्रीय मेडिकल रजिस्टर (एनएमआर) योजना अपेक्षित रफ्तार नहीं पकड़ पा रही है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) की 17वीं बैठक के कार्यवृत्त के अनुसार एनएमआर के लिए आए करीब 30 हजार आवेदन अभी भी लंबित हैं, जबकि अब तक केवल 1,800 पंजीकृत चिकित्सा प्रैक्टिशनरों (आरएमपी) को ही प्रमाणपत्र जारी किए जा सके हैं।

बैठक में सामने आया कि बड़ी संख्या में आवेदन राज्य चिकित्सा परिषदों और एनएमसी स्तर पर

मरीजों की सुरक्षा से जुड़ी पहल अटकी, राष्ट्रीय मेडिकल रजिस्टर में हजारों आवेदन लंबित

सत्यापन प्रक्रिया में अटके हुए हैं। आयोग ने इस पर चिंता जताते हुए प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए सुझाव मांगे हैं। साथ ही समस्याओं के समाधान के लिए एक समिति गठित करने का भी फैसला किया गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि एनएमआर देश के सभी पंजीकृत डॉक्टरों का सत्यापित डिजिटल डेटाबेस तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे मरीज किसी भी डॉक्टर की योग्यता और पंजीकरण की जानकारी आसानी से जांच सकेंगे। साथ ही फर्जी चिकित्सकों की पहचान और उन पर कार्रवाई में भी मदद मिलेगी। हालांकि, आवेदन निपटाने की धीमी गति के कारण यह व्यवस्था अभी पूरी तरह प्रभावी नहीं हो सकी है। संवाद

यह है राष्ट्रीय मेडिकल रजिस्टर

राष्ट्रीय मेडिकल रजिस्टर देश के सभी पंजीकृत चिकित्सकों का केंद्रीकृत डिजिटल डेटाबेस है। इसके माध्यम से डॉक्टरों की शैक्षणिक योग्यता, पंजीकरण और पेशेवर जानकारी एक मंच पर उपलब्ध होगी। यह व्यवस्था मरीजों को सही चिकित्सक चुनने और फर्जी डॉक्टरों की पहचान करने में मददगार मानी जा रही है।

आनंद विहार-मऊ के बीच चलेगी नियमित ए

गई है। ग्राउंड फ्लोर पर ऐसे कई सार

शोध : रोज योग करने से छूटेगी सिगरेट और तंबाकू की लत

अमर उजाला ब्यूरो

योग करने वालों में तंबाकू न छूने की संभावना अन्य उपायों की तुलना में 1.5 गुना ज्यादा पाई गई

नई दिल्ली। सिगरेट और तंबाकू छोड़ना आसान नहीं होता। बहुत से लोग कोशिश करते हैं, लेकिन कुछ समय बाद फिर शुरू कर देते हैं। ऐसे में एम्स के एक नए शोध शोध में पता चला है कि रोज योग करने से सिगरेट और तंबाकू छोड़ना आसान साबित हो सकता है।

शोधकर्ताओं ने दुनिया भर के सात रैंडमाइज्ड नियंत्रित परीक्षणों (आरसीटी) का विश्लेषण किया, जो पिछले तीन दशक (1993 से सितंबर 2024 तक)-में प्रकाशित हुए। इसमें 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को शामिल किया गया।

हठ योग, विन्यास और अयंगर जैसे योग शैली से तनाव कम हुआ और तंबाकू की तलब घटी। वहीं, प्राणायाम से मन शांत और मूड बेहतर हुआ।

एम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के (शोधकर्ता) डॉ. गौतम शर्मा ने इसके नतीजे के बारे में बताया कि योग करने वाले लोगों में 7 दिन तक तंबाकू न छूने की संभावना सामान्य उपायों की तुलना में करीब 1.5 गुना ज्यादा पाई गई। योग से तनाव, डिप्रेशन और चिंता भी कम हुई। लोगों की जीवन की गुणवत्ता बेहतर हुई।

इसके अलावा, शोध में पाया गया कि हठ योग, विन्यास और अयंगर जैसे सक्रिय योग से तनाव और डिप्रेशन घटता है, जबकि प्राणायाम से तंबाकू की इच्छा और नकारात्मक भावनाएं कम होती हैं। हालांकि, शोधकर्ताओं के अनुसार, नतीजे पूरी तरह एक जैसे नहीं मिले, लेकिन कुल मिलाकर योग तंबाकू छोड़ने का एक अच्छा सहायक तरीका साबित हो सकता है।

यह दिमाग और शरीर दोनों को संभालता है, जो लत के इलाज के लिए जरूरी है। शोधकर्ता अब चाहते हैं कि कम और मध्यम आय वाले देशों में भी योग आधारित कार्यक्रम चलाए जाएं। अगर तरीकों को एक समान बनाया जाए तो योग की असली ताकत और साफ पता चल सकेगी।

नींद पूरी होने पर भी नहीं मिट रही थकान

नई दिल्ली। पर्याप्त नींद लेने के बावजूद दिनभर थकान, सुस्ती और ऊर्जा की कमी महसूस होना आजकल आम समस्या बनती जा रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इसके पीछे खराब जीवनशैली, मानसिक तनाव, बढ़ता स्क्रीन टाइम और शारीरिक निष्क्रियता कारण है।

विशेषज्ञों के अनुसार लगातार मोबाइल, लैपटॉप और अन्य डिजिटल उपकरणों के इस्तेमाल से नींद की गुणवत्ता प्रभावित होती है। इसके अलावा अनियमित खानपान, शारीरिक गतिविधियों की कमी और काम का बढ़ता दबाव भी शरीर को पूरी तरह आसम नहीं करने देता। ऐसे में व्यक्ति पूरी रात सोने के बाद भी खुद को थका हुआ महसूस करता है।

गुरु तेग बहादुर अस्पताल के एडिशनल मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि कई बार लगातार थकान महसूस होना शरीर में पोषण की कमी, तनाव, एनीमिया, थायरॉयड संबंधी समस्याओं या खराब नींद की गुणवत्ता का संकेत भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, पर्याप्त पानी का सेवन, समय पर सोना और स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करके इस समस्या बचा जा सकता है। संवाद

Is India producing more graduates than what the economy can absorb?

PARLEY

India is witnessing an unprecedented expansion in higher education. Over the past decade, thousands of new colleges and universities have been established, producing millions of graduates every year. Yet unemployment of the educated remains a growing concern. Nearly one in three graduates are unemployed. Is India producing more graduates than what the economy can absorb? Rajan Wadhera and O.R.S. Rao discuss the question in a conversation moderated by M. Kalyanaraman. Edited excerpts

Is India producing more graduates than the economy can absorb?

O.R.S. Rao: The numbers point to a widening gap between the growth in graduates and the growth in jobs. In engineering alone, the number of graduates has risen sharply over the past few years while job creation has not kept pace. Earlier, the IT services sector was the principal employer of engineering graduates. Today, hiring by IT services firms has slowed considerably, even though sectors such as banking and financial services, manufacturing, defence and space technologies have expanded their recruitment. The challenge is that these new opportunities have not grown fast enough to absorb the increasing number of graduates entering the labour market.

A second issue is the nature of investment. Much of the recent investment in sectors such as semiconductors, advanced manufacturing and technology has been capital-intensive rather than labour intensive. As a result, large investments do not necessarily translate into proportionate job creation.

Has AI made the problem worse?

ORSR: We are in the middle of a major technological transition. AI is changing the nature of work much faster than how educational institutions can adapt. Companies now want graduates who can work with AI systems, validate AI-generated outputs, understand responsible and ethical AI use, and solve complex problems using technology. Four years ago, when many of today's graduates entered college, these skills were not widely discussed. Universities cannot redesign programmes overnight, and students cannot acquire entirely new competencies instantly.

As a result, many graduates are entering a labour market that demands skills different from those they were trained for.

Is employability more important than just

Keeping up: Candidates who came for a mega job fair at the Government Engineering College in Thrissur in 2025. RAJEESH K.V.

Job creation?

Rajan Wadhera: There is certainly a growing concern about employability, particularly among engineering graduates. The problem is often a mismatch between what is taught and what the industry requires. Students may graduate with strong academic credentials but have limited exposure to laboratories, manufacturing environments, teamwork and real-world problem-solving. When they enter the industry, employers frequently find that they need substantial additional training in order to contribute effectively. Companies run their own training programmes to bridge this gap. This was far less common a few decades ago.

Has manufacturing failed to create enough opportunities?

RW: Manufacturing still has considerable potential, but it too is undergoing profound change. People often focus on the impact of AI on software jobs, but manufacturing is also being transformed by automation, robotics, and industry 4.0 systems. Historically, a large number of engineers were employed in supervisory and operational roles on factory floors. Today, many of those functions are automated. Digital manufacturing systems require fewer people to oversee production processes. As a result, the number of engineering jobs generated by manufacturing is not increasing at the pace many people expected. Even as factories expand output, they often require fewer workers and supervisors than before.

Does that mean the future is one of permanent jobless growth?

RW: I would not go that far. India's push towards self-reliance in sectors such as defence,

> Students may graduate with strong academic credentials but have limited exposure to laboratories, manufacturing environments, teamwork and real-world problem-solving
>
> RAJAN WADHERA

aerospace and advanced manufacturing is creating new opportunities. There is increasing emphasis on domestic design and product development, and that is encouraging. The challenge is that automation and digitalisation are reducing labour requirements even as industries grow. Therefore, employment growth may not automatically match economic growth. This makes it even more important for educational institutions and industry to work together. Curricula needs to be aligned much more closely with industry requirements.

Has India focused too much on manufacturing and too little on innovation?

ORSR: Over many years, India became increasingly proficient at manufacturing products designed elsewhere; manufacturing alone does not create enough opportunities for highly trained engineers. The real value lies in research, development and design. Countries that control intellectual property and technology create far more opportunities for engineers than countries that simply manufacture products. Recent global developments have reinforced this lesson. Increasing restrictions on access to critical technologies such as semiconductors and strategic components have shown that excessive dependence on external technologies carries risks. India therefore needs to invest much more aggressively in indigenous research, innovation and product development.

Has India made progress in indigenous design capabilities?

RW: It would be incorrect to say that India remains only a manufacturing base. Over the last decade, companies such as Mahindra and Tata Motors have developed significant design and engineering capabilities. Indian engineers today are designing vehicles, platforms, transmissions and other complex systems that would previously have been developed elsewhere. The issue is not whether these capabilities exist. The issue is scale. The number of high-quality engineering graduates being produced is larger than the number of advanced R&D and design roles currently available

What role should entrepreneurship play?

ORSR: Neither government nor industry can create enough jobs for every graduate. We need more graduates to become creators of enterprises rather than only workers of employment. One major challenge is access to risk capital. Traditional lenders prefer established businesses and proven revenue streams. Innovation, however, requires investors willing to support ideas at an early stage. India's startup ecosystem has made significant progress, but much more needs to be done to support deep-technology ventures.

What should India focus on in the AI era?

ORSR: India should focus not only on infrastructure but also on products. There is a significant need for sovereign AI in nations with those systems seek to restrict access. Product companies create intellectual property, innovation and high-value employment. The goal should be to develop products not only for India but for global markets. We should identify strategic areas where India can become a global leader. UPI's success demonstrates that India is capable of building world-class digital platforms.

What needs to change in higher education?

ORSR: Industry-academia collaboration must become much deeper. Universities cannot design relevant programmes without industry participation, and industry cannot expect job-ready graduates without contributing to curriculum, internships and skill development.

Looking ahead, what are the priorities?

ORSR: Three priorities stand out. First, India must significantly increase investment in research and development. Second, industry and academia must work together much more closely. Third, we need a stronger entrepreneurship ecosystem that encourages innovation and supports risk taking.

RW: I would add that India must continue building indigenous capabilities in design, engineering and advanced manufacturing. The opportunities are real, particularly in sectors such as defence and aerospace. The challenge is ensuring that education, industry and policy move in the same direction.

To listen to the full interview Scan the code or go to the link www.thehindu.com

गई है। ग्राउंड फ्लोर पर ऐसे कई सार

शोध : रोज योग करने से छूटेगी सिगरेट और तंबाकू की लत

अमर उजाला ब्यूरो

योग करने वालों में तंबाकू न छूने की संभावना अन्य उपायों की तुलना में 1.5 गुना ज्यादा पाई गई

नई दिल्ली। सिगरेट और तंबाकू छोड़ना आसान नहीं होता। बहुत से लोग कोशिश करते हैं, लेकिन कुछ समय बाद फिर शुरू कर देते हैं। ऐसे में एम्स के एक नए शोध शोध में पता चला है कि रोज योग करने से सिगरेट और तंबाकू छोड़ना आसान साबित हो सकता है।

शोधकर्ताओं ने दुनिया भर के सात रैंडमाइज्ड नियंत्रित परीक्षणों (आरसीटी) का विश्लेषण किया, जो पिछले तीन दशक (1993 से सितंबर 2024 तक)-में प्रकाशित हुए। इसमें 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को शामिल किया गया।

हठ योग, विन्यास और अयंगर जैसे योग शैली से तनाव कम हुआ और तंबाकू की तलब घटी। वहीं, प्राणायाम से मन शांत और मूड बेहतर हुआ।

एम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के (शोधकर्ता) डॉ. गौतम शर्मा ने इसके नतीजे के बारे में बताया कि योग करने वाले लोगों में 7 दिन तक तंबाकू न छूने की संभावना सामान्य उपायों की तुलना में करीब 1.5 गुना ज्यादा पाई गई। योग से तनाव, डिप्रेशन और चिंता भी कम हुई। लोगों की जीवन की गुणवत्ता बेहतर हुई।

इसके अलावा, शोध में पाया गया कि हठ योग, विन्यास और अयंगर जैसे सक्रिय योग से तनाव और डिप्रेशन घटता है, जबकि प्राणायाम से तंबाकू की इच्छा और नकारात्मक भावनाएं कम होती हैं। हालांकि, शोधकर्ताओं के अनुसार, नतीजे पूरी तरह एक जैसे नहीं मिले, लेकिन कुल मिलाकर योग तंबाकू छोड़ने का एक अच्छा सहायक तरीका साबित हो सकता है।

यह दिमाग और शरीर दोनों को संभालता है, जो लत के इलाज के लिए जरूरी है। शोधकर्ता अब चाहते हैं कि कम और मध्यम आय वाले देशों में भी योग आधारित कार्यक्रम चलाए जाएं। अगर तरीकों को एक समान बनाया जाए तो योग की असली ताकत और साफ पता चल सकेगी।

नींद पूरी होने पर भी नहीं मिट रही थकान

नई दिल्ली। पर्याप्त नींद लेने के बावजूद दिनभर थकान, सुस्ती और ऊर्जा की कमी महसूस होना आजकल आम समस्या बनती जा रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इसके पीछे खराब जीवनशैली, मानसिक तनाव, बढ़ता स्क्रीन टाइम और शारीरिक निष्क्रियता कारण है।

विशेषज्ञों के अनुसार लगातार मोबाइल, लैपटॉप और अन्य डिजिटल उपकरणों के इस्तेमाल से नींद की गुणवत्ता प्रभावित होती है। इसके अलावा अनियमित खानपान, शारीरिक गतिविधियों की कमी और काम का बढ़ता दबाव भी शरीर को पूरी तरह आसम नहीं करने देता। ऐसे में व्यक्ति पूरी रात सोने के बाद भी खुद को थका हुआ महसूस करता है।

गुरु तेग बहादुर अस्पताल के एडिशनल मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि कई बार लगातार थकान महसूस होना शरीर में पोषण की कमी, तनाव, एनीमिया, थायरॉयड संबंधी समस्याओं या खराब नींद की गुणवत्ता का संकेत भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, पर्याप्त पानी का सेवन, समय पर सोना और स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करके इस समस्या बचा जा सकता है। संवाद